क्रिकेट

एमपीएल टी 20 के लिए संतुलित और भरोसेमंद खिलाड़ियों का चयन

# जबलपुर रॉयल लायंस ने बनाई मजबूत टीम



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर रॉयल लायंस ने आगामी एमपीएल **टी20** सीजन के लिए **50 लाख** रुपए के बजट में अपनी टीम तैयार कर ली है। टीम बनाते समय बल्लेबाजी, गेंदबाजी और ऑलराउंडरों का सही संतुलन रखा गया, ताकि हर मैच में बेहतर प्रदर्शन किया जा सके। टीम के मालिक और प्रबंधन का मानना है कि इस बार टीम संतुलित और मजबूत है। खिलाड़ियों के इस संयोजन के साथ जबलपुर रॉयल लायंस पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरने को तैयार है। टीम के मालिक और प्रबंधन का मानना है कि इस बार टीम संतुलित और मजबूत है। खिलाड़ियों के इस संयोजन के साथ जबलपुर रॉयल लायंस पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरने को तैयार है।

### राहुल बाथम और पुनीत दाते पर भरोसा

टीम ने राहुल बाथम को 3 लाख रुपए में रिटेन किया है, जो पिछले सीजन में अहम खिलाड़ी रहे थे। वहीं पुनीत दाते को 1 लाख रुपए में शामिल किया गया, जो ऑक्शन के सबसे चर्चित खिलाड़ियों में से एक रहे। इसके साथ ही अजय रोहेरा, रितिक टाडा, अर्पित गौड़, नयनराज मेवाड़ा और अक्षत द्विवेदी जैसे खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखा गया है। इससे टीम का कोर मजबूत बना हुआ है और आपसी तालमेल भी बेहतर रहेगा।

## महावीर जन्म कल्याणक पर जीव दया का प्रेरक आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद, लार्डगंज शाखा (चंदना संभाग) द्वारा भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत जीव दया सेवा का सराहनीय आयोजन किया गया। संभाग अध्यक्ष संध्या जैन शांत के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पक्षियों के लिए सकोरे (जल पात्र) वितरित किए गए तथा प्यासे राहगीरों के लिए पंयाऊ की व्यवस्था की गई। इस सेवा कार्य में प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी श्रीमती कल्पना (हार्डवेयर) का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष श्रीमती मीना बड़कुल, रानी, मणी जैन, साधना बड़कुल, संजना जैन, निशा चौधरी, चंद्रप्रभा, पुष्पा, सुशीला नेता, रेखा एवं विनोद जैन सहित अनेक महिलाओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

# एपीआई चैप्टर का 27वां वार्षिक सम्मेलन 4 और 5 को




**नवभारत, जबलपुर।** एसोसिएशन ऑफ फिजिशियंस ऑफ इंडिया (एपीआई), जबलपुर चैप्टर द्वारा 27वां वार्षिक सम्मेलन 'मेडिसिन अपडेट **2026**' का आयोजन 4 और 5 अप्रैल **2026** को होटल विजन महल में किया जाएगा। यह दो दिवसीय शैक्षणिक सम्मेलन देशभर के ख्याति प्राप्त चिकित्सकों और विशेषज्ञों को एक मंच पर लाएगा, जहां चिकित्सा क्षेत्र की नवीनतम प्रगति और उपचार पद्धतियों पर चर्चा होगी। सम्मेलन का उद्देश्य चिकित्सकों के बीच ज्ञान का आदान-प्रदान, कौशल विकास और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है। आयोजन डॉ. नवीन शर्मा (अध्यक्ष) और डॉ. अखिलेश तिवारी (सचिव) के नेतृत्व में किया जा रहा है। आयोजन में डॉ. सुरेश पटेल, डॉ. आनंद बहरानी और डॉ. आशीष पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका है। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. अश्विनी पाठक, सचिव डॉ. अनुपम श्रीवास्तव तथा साइंटिफिक कमेटी के अध्यक्ष डॉ. एम.एस. जोहरी द्वारा एक व्यापक वैज्ञानिक कार्यक्रम तैयार किया गया है। सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से आए विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे, पैनल चर्चाओं में भाग लेंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे। साथ ही, विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के पोस्ट ग्रेजुएट छात्र अपने शोध प्रस्तुत करेंगे। आयोजकों के अनुसार, सम्मेलन में देशभर से **300** से अधिक एमडी मेडिसिन चिकित्सकों ने पहले ही पंजीयन करा लिया है। 'मेडिसिन अपडेट **2026**' को मध्य भारत के एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक आयोजन के रूप में देखा जा रहा है, जिससे क्षेत्र के चिकित्सकों और मरीजों को लाभ मिलेगा। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक चिकित्सकों से इसमें भाग लेने की अपील की है।



# संगीत भजन संध्या और विशाल भंडारा आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** पूर्व छात्र नेता और वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट/नोटरी स्व. सतीश नामदेव के 66वें जन्मदिवस पर उनके परिवार और समाजसेवियों ने विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया। प्रातः 8 बजे मॉ नर्मदा ग्वारीघाट पर पुत्र योगेश नामदेव, शैलेष सतीश नामदेव, मनोज नामदेव, सुशील नामदेव, अनूप नामदेव, प्रमोद नामदेव, आकाश नामदेव, आशा नामदेव, रेखा नामदेव, मोना नामदेव और सुजाता नामदेव ने पूजा-अर्चना और गरीबों को अन्न व वस्त्र दान किया। दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक नायक और अधिवक्ताओं की उपस्थिति में हनुमान पूजा और पुष्पांजलि अर्पित की गई।

सभी ने स्व. सतीश नामदेव के विधिक योगदान और आदर्शों को याद करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। रात्रि 7 बजे से उनके राइट टाउन निवास पर संगीत भजन संध्या, सुन्दरकाण्ड पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भजन गायक मिठाईलाल चक्रवर्ती के भजनों पर उपस्थित जन झूम उठे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनय सक्सेना, वरिष्ठ समाजसेवी रामकुमार गुप्ता, झल्ले लाल जैन, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश सोनकर, एनएसयूआई सचिव देवकी पटेल, समाजसेवी भावना निगम, और बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं गणमान्यजन शामिल हुए। आयोजन में नामदेव परिवार ने भंडारा वितरण किया।

## एमएलबी परिसर में 101 दीपों की महाआरती



शासकीय एम.एल.बी. विद्यालय परिसर स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान प्राकट्योत्सव भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम श्री राम सेवा समिति, हनुमंत भक्त परिवार एवं राम मानस मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। प्रातः पूजन-अर्चन, चोला अर्पण एवं अभिषेक के बाद संगीतमय सुंदरकांड पाठ हुआ, जिसमें श्री के.के. मेहरा, डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव, प्रभा मिश्रा, डॉ. रश्मि सिंह, भीम सिंह दीवान एवं अन्य कलाकारों ने प्रस्तुति दी। सामूहिक हवन-यज्ञ एवं 101 दीपों की महाआरती कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। इसके पश्चात भजन-कीर्तन एवं भंडारा आयोजित हुआ। इस अवसर पर उपसंचालक पी.पी. सिंह, विद्वान गोविंद प्रसाद नेमा, डॉ. शुभम जैन, डॉ. संदीप नेमा, मनीषा चंदेल, मीना यादव, हेमलता सेन, मोहनी बरमे, राज शर्मा, भीमसेन दीवान, शंकरलाल पटेल एवं मोहन गोस्वामी शामिल रहे। कार्यक्रम में प्राचार्य रुक्मणी कनौजिया, प्रभा मिश्रा, डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## महर्षि विद्या मंदिर में हनुमान जयंती पर भक्तिमय आयोजन



महर्षि विद्या मंदिर, नेपियर टाउन में हनुमान जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम महर्षि महेश योगी की प्रेरणा एवं संस्थान के अध्यक्ष ब्रह्मचारी डॉ. गिरीशचंद शर्मा के आशीर्वाद से आयोजित हुआ। प्राचार्य निलेश कुमार पांडे एवं प्रशासनिक अधिकारी राहुल कुमार जैन के नेतृत्व में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा एवं आरती का पाठ किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभावना के संस्कारों से अवगत कराया गया। विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से ओत-प्रोत रहा।

## 101 लीटर दूध से किया अभिषेक



शिव हनुमंत शनि मंदिर सदर में श्री हनुमान जी का 11 लीटर दूध से अभिषेक किया गया जिसके बाद कन्या पूजन और सुंदरकांड एवं महा आरती की गई। कार्यक्रम में सीताराम कुरचानिया, पुष्पेंद्र तिवारी, दिनेश मिश्रा, प्रकाश महाराज, निशांत शर्मा, अभय नायडू, डीपी कमल, अपूर्व राय, वीरू यादव, दीपक रजक आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**
**रा. प्र. क्र./3099/6/2025-2026**
**जबलपुर दिनांक: 23.03.2026**
**// आम इश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति नीता बेगड, पति स्व. जवाहरलाल , निवासी 1836 राइट टाउन जबलपुर के द्वारा मौजा सुभाष नगर डायवर्सन सीट नं. 152 डी प्लाट नं. 328 स्थित भूमि खसरा नं..... में से रकवा 5159 वर्गफुट भूमि पर जवाहर लाल पिता गोवामल बेगड की मृत्यू दिनांक 29.08.2025 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज सलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 10/04/26 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकती है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 23.03.2026
पेशी दिनांक- 10.04.2026 तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

**कार्यालय अधीक्षक जिला जेल-डिण्डौरी (मध्यप्रदेश)**

**द्वितीय निविदा**

क्रमांक 827/निर्वाह/2026 डिण्डौरी, दिनांक 28/03/2026

**वार्षिक (ई-टेन्डरिंग) निविदा सूचना वर्ष-2026-2027**

जिला जेल डिण्डौरी में परिरूद्ध बंदियों के लिये मध्यप्रदेश जेल पूर्ति नियम 1968 के अंतर्गत खण्ड-1 खाद्यान्न सामग्री, खण्ड-2 सब्जियां एवं फल, एवं मध्यप्रदेश भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) के अंतर्गत खण्ड-3 दवाईयां एवं पैथालॉजी जांचे, खण्ड-4 स्वच्छता सामग्री, खण्ड-5 विद्युत सामग्री, खण्ड-6 भवन निर्माण सामग्रियों के क्रय हेतु द्वितीय वार्षिक ई-टेन्डरिंग निविदा के माध्यम से संलग्न निम्न शर्तो अनुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | विवरण | दिनांक | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि, एवं निविदा फार्म का मूल्य 05 लाख की निविदा हेतु 500/- तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु 1000/- रूपये प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियों में जमा किया जावेगा। | 23/04/2026 को सांयकाल 5:30 बजे तक | बेवसाईट http://mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| 2 | नमूने जमा करने की तिथि | 23/04/2026 को सांयकाल 5:30 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल डिण्डौरी । |
| 3 | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूने की गुणवत्ता परीक्षण | 25/04/2026 को सुबह 11:30 बजे से | ------------- |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | 29/04/2026 को दोपहर 01:00 बजे | --------------- |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी बेवसाईड http://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है, निविदा फार्म दर्शित बेवसाईड पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है ।

जी-11046/26 बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल
जेल अधीक्षक
जिला-जेल, डिण्डौरी (म.प्र.)



## स्मृतियों में जीवित रहेंगे गजलकार साज जबलपुरी

**जबलपुर, नवभारत।** साहित्यकार अपनी कालजयी रचनाओं के माध्यम से सदैव जीवित रहता है और समाज को नई दिशा प्रदान करता है। जबलपुर में वर्तिका संस्था द्वारा संस्थापक साज जबलपुरी की स्मृति में नमन एवं काव्यांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर सलमा जमाल और अध्यक्ष आचार्य विजय तिवारी किसलय ने साहित्य को अतीत एवं भविष्य का दर्पण बताया। विशिष्ट अतिथि डॉ. वर्षा तिवारी रैनी ने उन्हें नवोदित रचनाकारों का सच्चा मार्गदर्शक बताया। प्रमुख वक्ता राजेश पाठक प्रवीण ने उनकी कृतियों की विशेषताओं को रेखांकित किया। आयोजक विजय नेमा और संतोष नेमा ने उनके संगठनात्मक कौशल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने साहित्यकारों की एक पूरी पीढ़ी तैयार की है। काव्य गोष्ठी में दीपक तिवारी, सिद्धेश्वरी सराफ, अर्चना द्विवेदी, सुशील श्रीवास्तव, रजनी कटारे, प्रतिमा अखिलेश श्रीवास्तव, मनोज शुक्ला, सुशील जैन आभा, वीरेंद्र उपाध्याय, देव दर्शन सिंह, सोहन सलिल और आशुतोष तिवारी ने अपनी कविताओं से श्रद्धांजलि दी।

**कार्यालय संयुक्त संचालक, कौशल विकास क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर क्षेत्र जबलपुर, मध्यप्रदेश**
**प्रशासनिक भवन, द्वितीय तल, संभागीय आईटीआई परिसर, दमोह रोड, माढ़ोताल जबलपुर (म.प्र.)**
Ph. +91-761-2997584 E-maik: jabalpurzonejd2011@gmail.com
क्रमांक : संयु. संचा./क्षेकाज/स्थाप/मे.प्र.विज्ञा./2026/405 जबलपुर, दिनांक 24/03/2026

**विज्ञप्ति**

पूर्व में जारी विज्ञप्ति के संबंध में सूचित किया जाता है कि कार्यालय संयुक्त संचालक, कौशल विकास क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा जारी विज्ञप्ति क्रमांक 129 दिनांक 27/01/2026 के माध्यम शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में दिव्यांग प्रशिक्षणार्थी के प्रशिक्षण हेतु इंटरप्रेटर (Indian Sign Language) के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये थे। उक्त विज्ञप्ति में शैक्षणिक अर्हता में लिपिकीय त्रुटि पाए जाने के कारण विज्ञप्ति में इंटरप्रेटर का आमंत्रण को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। अतः इंटरप्रेटर हेतु प्राप्त सभी आवेदन स्वतः निरस्त माने जायेंगे। भविष्य में आवश्यकता अनुसार संशोधित विज्ञप्ति पृथक से जारी की जायेगी।

संयुक्त संचालक
कौशल विकास क्षेत्रीय कार्यालय,
जबलपुर क्षेत्र जबलपुर (म.प्र.)
जी-11057/26 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

N.I.T No./PWD/e-tendering/PRO/20 Date : 02/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_496828_1<br>02/04/2026 | सं.क्रं.-03 रामपुर अंतर्गत गिरीराज किशोर कपूर वार्ड में दीपक विश्वकर्मा के घर से सूरज ठाकुर की चक्की तक रोड के दोनों ओर नाली 400 मी. नाली निर्माण कार्य। चतुर्थ निविदा (CM monit A+) | 03 माह<br>₹ 8.41 लाख | ₹ 2000/-<br>₹ 8475/- | 16/04/2026 |
| 2. | 2026_UAD_496828_1<br>02/04/2026 | सं.क्रं.-03 रामपुर अंतर्गत गिरीराज किशोर कपूर वार्ड में सिद्धपीठ श्री गुप्तेश्वर महोदव मंदिर मदन महल जबलपुर में सार्वजनिक स्थल पर बाउण्डीवाल निर्माण कार्य। चतुर्थ निविदा (CM monit A+) | 02 माह<br>₹ 5.92 लाख | ₹ 2000/-<br>₹ 5929/- | 16/04/2026 |
| 3. | 2026_UAD_496828_3<br>02/04/2026 | सं.क्रं.-03 रामपुर अंतर्गत सिंह वार्ड में शहीद गुलाब पिपलेश्वर में स्थित जर्जर सार्वजनिक टायलेट को तोड़कर नया निर्माण कार्य। पंचम निविदा (निगम मद) | 03 माह<br>₹ 10.31 लाख | ₹ 2000/-<br>₹ 7733/- | 16/04/2026 |
| 4. | 2026_UAD_496828_4<br>02/04/2026 | सं.क्रं.-03 रामपुर अंतर्गत आने वाले वार्डो में स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 हेतु शौचालयों में मरम्मत, रिपेयरिंग कर्य अन्य कार्य। द्वितीय निविदा (निगम मद) | 02 माह<br>₹ 13.02 लाख | ₹ 2000/-<br>₹ 9767/- | 16/04/2026 |
| 5. | 2026_UAD_496828_5<br>02/04/2026 | सं.क्रं.-03 रामपुर अंतर्गत ग्वारीघाट वार्ड में कुशवाहा समाज भवन के पास सार्वजनिक स्थल पर बने भवन पर टाइल्स लगाने का कार्य। (अध्यक्ष मद) द्वितीय निविदा। | 02 माह<br>₹ 4.46 लाख | ₹ 2000/-<br>₹ 8926/- | 16/04/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, संभाग छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**
Phone No. 07162-243214 I E-mail : pwdpiu12cwa@mp.nic.in
एनआईटी नं. 09/2026/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/भवन/व.ले.लि./ छिंदवाड़ा, दिनांक : 27/03/2026
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू.लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी | 90 प्रतिशत अविवाहित एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | 2026_PWPIU 495357_1 | लोधीखेड़ा, जिला छिंदवाड़ा में शास. महाविद्यालय भवन में बाउण्ड्रीवाल एवं गेट का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | छिन्दवाड़ा | 109.56 | 109560.00 | 12500.00 | 10 माह वर्षाऋतु सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग जबलपुर | एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त |
| 2. | 2026_PWPIU 495358_1 | जिला छिंदवाड़ा के शास. आई.टी.आई. भवन में 07 वर्कशॉप, 13 थ्यौरी कक्ष, 60 सीटर बालिका छात्रावास, 200 सीटर मल्टीपरपज हॉल, रिनोवेशन एवं रिपेयर कार्य, वॉटर सप्लाई, प्लंबिंग एवं विद्युतीकरण कार्य और कैम्पस बाउण्ड्रीवाल, गेट, साईकिल स्टेण्ड, ड्रेनेज कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | छिन्दवाड़ा | 1449.80 | 1449800.00 | 30000.00 | 20माह वर्षाऋतु सहित | | |
| | | योग | | 1559.36 लाख | | | | | |

(1) निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेंट वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। (2) निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/केशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। (3) निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन दिनांक 01/04/2026 समय 09.00 से दिनांक 15/04/2026 समय 15.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। (4) निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेग, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेंगा।

जी-11065/26 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता
कार्यपालन यंत्री(भवन) लोक निर्माण विभाग, जिला-छिन्दवाड़ा(म.प्र.)

**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.), संभाग क्रमांक-2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.)-482056**
E-mail ID : eeemdv2bargidam@gmail.com **निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन**
निम्न कार्य की ऑनलाईन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम प्रोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है-

| निविदा क्र. | ई. निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू.में) | धरोहर राशि (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 149/तक. 2025-26 दिनांक 26/03/2026 (द्वितीय आमंत्रण) | 2026-NVDA-496036_1 | रा.अ.बा.लो.सा.परियोजना के दांया पार्श्व गैलरी के डीजल जनरेटर रूम से 26 नम्बर तक 185SQMM केबल प्रदाय करने तथा लगाने के कार्य। | 13,14,462.00 (रूपये तेरह लाख चौदह हजार चार सौ बासठ) मात्र | 26,289.00 (रू. छब्बीस हजार दो सौ नवासी) मात्र | 2000.00 (रू. दो हजार)मात्र | 1.प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.)भोपाल में पंजीकृत 2. म.प्र. मुख्य विद्युत निरीक्षक द्वारा जारी अ श्रेणी का लाइसेंस। | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 150/तक. 2025-26 दिनांक 26/03/2026 (द्वितीय आमंत्रण) | 2026-NVDA-496031_1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि. के बरगी बांध की गैलरी की विद्युत व्यवस्था की अर्थिंग बदलने का कार्य। | 2,57,310.00 (रूपये दो लाख सन्तावन हजार तीन सौ दस)मात्र | 5146.00 (रू. पांच हजार एक सौ छयालीस) मात्र | 2000.00 (रू. दो हजार)मात्र | | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 152/तक. 2025-26 दिनांक26/03/2026 (द्वितीय आमंत्रण) | 2026-NVDA-496038_1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि.के बरगी बांध की दांया तट नहर के स्लूस गेटों पर विद्युत आपूर्ति और नियंत्रण पैनल के लिये एल.टी. पेनल इनक्लोजर लगाने का कार्य। | 1,70,313.00 (रूपये पछहत्तर हजार एक सौ छत्तीस) मात्र | 3406.00 (रू. तीन हजार चार सौ छः) मात्र | 1000.00 (रू. एक हजार)मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 153/तक. 2025-26 दिनांक 26/03/2026 (द्वितीय आमंत्रण) | 2026-NVDA-496044_1 | बरगी हिल्स स्थित आवासियों कॉलोनी में मेन रोड बेरियर पर स्थित 6" डाया सी.आई. पाईप लाईन का सुधार कार्य। | 53,270.00 (रूपये त्रेपन हजार दो सौ सत्तर) मात्र | 1065.00 (रू. एक हजार पेसठ) मात्र | 1000.00 (रू. एक हजार)मात्र | | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 185/तक. 2025-26 दिनांक 26/03/2026 (प्रथम आमंत्रण) | 2026-NVDA-496100_1 | बरगी नगर जल प्रदाय व्यवस्था में पम्प हाउस क्र.3 के अंतर्गत आवासगृह पी.एफ. टाईप क्षेत्र में लगी 3" डाया जी.आई. पाईप लाईन का सुधार कार्य। | 83,703.00 (रूपये तेरासी हजार सात सौ तीन) मात्र | 1674.00 (रू. एक हजार छः सौ चौहत्तर) मात्र | 1000.00 (रू. एक हजार)मात्र | | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 186/तक. 2025-26 दिनांक 26/03/2026 (प्रथम आमंत्रण) | 2026-NVDA-496103_1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि.के बरगी नगर के दांयी तट नहर में स्थित 13 नग स्लूज गेटों (2.62x2.00mtr) का मानसून पूर्व मरम्मत एवं सुधार कार्य। | 1,32,159.00 (रूपये एक लाख बत्तीस हजार एक सौ उनसठ) मात्र | 2643.00 (रू. दो हजार छः सौ तेरालीस) मात्र | 1000.00 (रू. एक हजार)मात्र | | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| | | कुल योग रू. | 20,11,217.00 | | | | |

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 21/04/2026, 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)। 2.प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम : 21/04/2026, 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)। 3.निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 23/04/2026, 10:30 से 23/04/2026, 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)। 4.प्राइज बीड खुलने की तिथि :23/04/2026,10:31 से 23/04/2026 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)। 5.निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाईट पर केवल ऑनलाईन क्रय किया जा सकता है। ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता है। 6.निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

(शैलेन्द्र राठौर) कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास (वि./याँ.)
संभाग क्रमांक-2 बरगीनगर जबलपुर(म.प्र.)
जी-11068/26 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता